दिनांकः 01.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी सचिवों और विभागाध्यक्षों को विभिन्न कार्यालयों की लगातार निगरानी करने के दिये निर्देश।
- अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नान्दसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर कल होगा पुनर्मतदान।
- मजदूर दिवस आज–प्रदेशभर में मजदूरों के कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रम हो रहे हैं आयोजित।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों में तापमान में कमी आने से गर्मी से कुछ राहत–चार मई से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर बारिश की संभावना।

.....................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को उनके अधीन आने वाले कार्यालयों और उनके कार्यों की लगातार समीक्षा तथा निगरानी करने के निर्देश दिये हैं। कल जयपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में श्री पंत ने सभी अधिकारियों को कर्मयोगी की भावना से मिलकर काम करने तथा जनहित के प्रति निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास करते रहने को कहा। उन्होंने कहा कि निश्चित समय अवधि में सभी कामों को पूरा किया जाए। उन्होंने बैठकों में प्लास्टिक बोतल के प्रयोग को बंद करने और कांच की बोतल का प्रयोग करने को कहा। मुख्य सचिव ने सरकारी बैठकों में गुलदस्ता देने की परंपरा पर रोक लगाने की भी बात कही। श्री पंत ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भू–रूपांतरण, पंजीकरण के कार्यों में शत–प्रतिशत पारदर्शिता के लिए नए सॉफ्टवेयर और ऑटोमेटेड सिस्टम के उपयोग के लिए भी निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने मानसून में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और जल संरक्षण तथा जल संचयन के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने को कहा।

.....................

सरकार ने राज्य सेवा के 28 अधिकारियों के खिलाफ लंबे समय से पेंडिंग चल रही कार्रवाई में अंतिम फैसला ले लिया है। इनमें से 17 अधिकारी सेवा निवृत्त हो चुके हैं। तीन अधिकारियों के खिलाफ 15 साल से मामले लम्बित हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिला उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी अफसर की पूरी पेंशन रोकने के आदेश दिए हैं। सरकार से बिना अनुमति लिए लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे दो अफसरों को सरकारी नौकरी से बर्खास्त करने का फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए विभाग को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जांच और अपील के दो मामलों में सबूतों के अभाव में आरोपी अफसरों को बरी कर दिया। उन्होंने कार्मिक विभाग के स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई और अभियोजन स्वीकृति के मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हर विभाग में अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही और करप्शन के मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की पेंडिंग रिपोर्ट मांगी है। विभाग को अफसरों के खिलाफ पेंडिंग मामलों की 30 जून 2024 तक की स्टेटस रिपोर्ट जुलाई के पहले सप्ताह तक भेजने को कहा गया है।

.....................

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नान्दसी गाँव में एक पोलिंग बूथ पर कल पुनर्मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान इस बूथ पर 17 ए रजिस्टर गुम होने के कारण ये निर्णय लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान कल सुबह 7 बजे से होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने पुनर्मतदान की सभी तैयारियां कर ली हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर अजमेर द्वारा मतदान दल के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है। इस बूथ में वेबकास्टिंग की गयी थी।

.....................

राज्य के निजी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार के तहत शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए आज ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, जयपुर स्थित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद में ये लॉटरी निकालेंगे। इस सत्र में कुल 31 हजार 112 विद्यालयों के लिए 2 लाख 51 हजार 549 बच्चों ने आवेदन किए हैं।

......................

आज मजदूर दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में मजदूरों के कल्याण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई निजी कारखानों और कम्पनियों की ओर से भी अपने कामगारों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां रखी गयी हैं।
इस अवसर पर जयपुर में एक निजी संस्था की ओर से सम्मान और स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। इसमें बस ड्राइवर, ऑटो और रिक्शा चालक सहित कई मजदूरों का सम्मान किया जाएगा। भीलवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को हृदय रोग से बचाव के लिए पांच हजार निःशुल्क आरोग्य किट वितरित किए जाएंगे। बून्दी में राजकीय नूतन माध्यमिक विद्यालय, चौगान गेट में आज जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक रैली का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर डिस्कॉम ने मजदूर दिवस पर कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

......................

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ की 16वीं क्षेत्रीय समीक्षा बैठक कल से नई दिल्ली में शुरू हुई। दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र में श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने सामाजिक सुरक्षा आवश्यकताओं के प्रबंधन में ईपीएफओ की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने ईपीएफओ के लिए प्रमुख बिन्दुओं पर जोर दिया, जिसमें सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, दावों का तेजी से निपटान, दावा अस्वीकृति में कमी, संशोधित आईटी सिस्टम, पेंशन और नियोक्ताओं के लिए व्यापार करने में आसानी शामिल है। बैठक का उद्देश्य पिछले एक वर्ष के दौरान प्रगति पर विचार करना, सफलता के क्षेत्रों की पहचान करना, सुधार के लिए चर्चा करना और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 के लक्ष्यों के साथ प्रमुख बिन्दुओं की पहचान करना है।

......................

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में जिला प्रशासन की ओर से सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि नगर निगम के सहयोग से एनजीओ से जुड़े लोगों ने उद्यान में फैली गंदगी को साफ किया और वहां आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता का संदेश दिया।

......................

शाहपुरा जिले के आमल्दा गांव में आर्गेनिक फूड एंड रिसर्च सेंटर की ओर से मशरूम फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान राजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दिया गया और महिलाओं को इसके माध्यम से आय बढ़ाने के तरीके बताए गये। इस दौरान जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मशरूम की खेती से कम जगह पर और कम पानी में अच्छी आमदनी हासिल की जा सकती है।

......................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर तापमान में 3 से 4 डिग्री की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35 से 39 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया है। जयपुर केन्द्र के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दो दिनों में तापमान में बढोतरी होगी। वहीं चार मई से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

......................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज बूढ़ा बास्योड़ा पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जयपुर के चाकसू की शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मन्दिर में मेला भर रहा है। शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया जा रहा है।

......................